




# कार्य का शुभारंभ अच्छा तो समापन भी

## ध्वजारोहण के साथ राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का मंत्री राजपूत ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. आप सभी खिलाड़ियों का काम खेलने की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य सरकार का है. सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार का संकल्प है. किसी कार्य की ओपनिंग अच्छी होती है तो समापन भी अच्छा होता है. उक्त विचार खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं शालेय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में व्यक्त किए.**

मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का काम पूरे मनोयोग से परिदृश्य के साथ खेलने का है. उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य सरकार का है और सरकार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संकल्पित भी है, आप सभी मनोयोग से खेलें, अपने स्कूल, जिले एवं मध्य प्रदेश का नाम रोशन करें. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि किसी कार्य की जब ओपनिंग अच्छी होती है तो उसका समापन भी अच्छा होता है. इस अवसर पर डीईओ अरविंद जैन द्वारा स्वागत भाषण दिया गया.



### मीडिया से बनाई दूरी

प्रदेश के स्थापना दिवस पर ही आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता से मीडिया को दूर ही रखा गया. जिला प्रशासन द्वारा न तो स्थापना दिवस के आमंत्रण भेजे गए और न ही शिक्षा विभाग ने खेल प्रतियोगिता के आमंत्रण भेजे.

सभी संभागों के खिलाड़ियों के द्वारा दीपक मेमोरियल की बैंड दल के नेतृत्व में आकर्षक मार्च फास्ट किया गया जिसका नेतृत्व रविंद्र खाटोल के द्वारा किया गया. मंत्री श्री राजपूत के द्वारा प्रतियोगिता का ध्वजारोहण किया गया एवं प्रतियोगिता को शुभारंभ करने की घोषणा की गई. राष्ट्रीय खिलाड़ी आकर्षि चौबे के द्वारा शपथ दिलाई गई. प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल एवं लिटिल स्टार शैलेश मेमोरियल स्कूल की छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए. संचालन श्रीमती रचना तिवारी एवं मुकेश तिवारी ने किया. आभार जिला खेल अधिकारी संजय दादर ने माना. इस अवसर पर रुपेश यादव, सुखदेव मिश्रा, नरेंद्र अहिरवार, भारती निगम, प्राचार्य सुधीर तिवारी, अंजना पाठक, कल्पना शर्मा, सविता मिश्रा, मनीष नेमा मौजूद थे.

## दुकान टूटने से आहत ब्लॉक अध्यक्ष का इस्तीफा

**सागर.** नगर निगम द्वारा सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हटाए जा रहे अतिक्रमण की चपेट में आए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कांग्रेस के असहयोग से आहत होकर त्याग पत्र दे दिया है. मालूम हो कि मोतीनगर चौराहे से मंगलगिरी तक सड़क चौड़ीकरण में दुकानें और मकान पर जेसीबी निगम द्वारा चलाई जा रही है. ब्लॉक अध्यक्ष क्रमांक-3 योगराज कोरी ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव को भेजे इस्तीफे में उल्लेख किया है कि मेरे परिवार का भरण पोषण दुकान से होता था. निगम द्वारा दुकान तोड़ दी गई. मुझे पारिवारिक कारणों से पद छोड़ना पड़ रहा है. कांग्रेस परिवार बड़े लोगों को बचाने में लगी हुई है, गरीबों की कोई सुनने वाला नहीं है. तो वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष क्रमांक-1 प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने भी इस्तीफा दे दिया है.

# ग्यारस पर तुलसी-शालिगराम का विवाह

## शुभ कार्यों का शुभारंभ : गन्ना खरीदी के साथ आंवला और पूजन सामग्री की खरीदी

नवभारत न्यूज

**बांदरी 1 नवम्बर. बांदरी तथा आसपास के क्षेत्रों के मंदिरों में गन्ने के मंडप सजाकर तुलसी-शालिगराम के विवाह हुए.**

गन्नों का मंडप सजाकर बंडा रोड स्थित श्रीराम मंदिर, श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में गाजे-बाजे के साथ तुलसी का विवाह रचाए गए. देवत्थानी एकादशी को शाम में श्रद्धालुओं ने बारात निकालकर प्रमुख मार्गों से भ्रमण किया. लोगों ने जमकर गन्ने खरीदे, गन्ना, शकरकंद, मूंगफली, आंवला और पूजा सामग्री लेने वालों की भी भीड़ लगी रही. देवताओं का आव्हान कर मंदिरों में खुशियां मनाई गई. आसमान एक बार फिर आतिशबाजी की रंगीनियों से सज उठा. विधि-विधान से मंदिरों में तुलसी-शालिगराम विवाह आयोजित किए गए. तुलसी विवाह के महत्व के बारे में ज्योतिषाचार्य राधिका प्रसाद खड्डुर बताते हैं कि कार्तिक महीने में जो व्यक्ति तुलसी की स्थापना करते हैं, पूजा करते हैं विवाह करते हैं वे एक करोड़ युगों तक भगवान के साथ निवास करते हैं. तुलसी जी का विवाह शालिगराम जी के साथ कार्तिक मास की देवत्थानी एकादशी के दिन हुआ, जिसे तुलसी विवाह के नाम से मनाया जाता है.



बांदरी, रजवांस, मेहर, पिठौरिया, बहरोल, झीकनी के लोगों ने जमकर गन्ने खरीदे. गन्ना, शकरकंद, मूंगफली, आंवला और पूजा सामग्री लेने वालों की भीड़ लगी रही. सुबह से शाम तक लोग तुलसी विवाह के लिए गन्ने खरीदते रहे. एक गन्ना 25 से 50 रुपए में बिका. देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में लोगों ने घरों के सामने रंगोली बनाई. देव उठावनी एकादशी के साथ ही लोग शादियों की तैयारियों में भी जुटे जुट गए हैं. ज्योतिषाचार्य श्री खड्डुर ने बताया कि भगवान विष्णु आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष से कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी आज तक योग निद्रा में रहते हैं, मान्यता के अनुसार प्रभु सुबह जागते हैं, इसे चातुर्मास भी कहते हैं. देव उठनी एकादशी परलोगों ने धर्म नगरी बरमान जाकर नर्मदा में स्नान कर पुण्य कमाया.

### एक नजर में



## विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

**राहतगढ़.** ग्राम पंचायत निवोदिया में कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने 280 .90 लाख से निवोदिया हिरनखेड़ा मार्ग एवं 20 .83 लाख से पंचायत भवन का लोकार्पण किया. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा में विकास का पहिया निरंतर आगे बढ़ेगा. आयोजक जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार निरंतर गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए काम कर रही है. इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रघुवंशी, अरविंद राजपूत, गोविंद सिंह, विनोद कपूर, भगवान सिंह, रामशरण राय, सुरेशसिंह जाट, संजीव राय, शैलेंद्र साहू, बबलू बरखेड़ा, शैतान राजपूत, जाकिर हुसैन, देवेंद्र साहू, श्रीराम देवलिया, वृंदावन चौबे, रामकुमार यादव, संजय पटेल, रिहान खान, लतीफ मंसूरी ,बृजेंद्र गुर्जर, मुरली रजक, नेतराम लोधी, श्रीपाल खाता खेड़ी ,भूपेंद्र राजपूत ,रणधीर मीणा ,जंगबहादुर सिंह, रघुनाथ साहू, नरेंद्र लोधी, नरेंद्र आठिया, गंगाराम लोधी, अशोक साहू आदि मौजूद थे.



## नामदेव जयंती पर प्रभात फेरी निकाली गई

**बीना.** कार्तिक शुक्ल एकादशी सकल नामदेव समाज द्वारा मारुति मंदिर से प्रभात फेरी निकल गई. मां जागेश्वरी मंदिर पर भगवान सालिक राम जी की चल रहे तेल हल्दी कार्यक्रम में शामिल हुए. देव रघुनाथ बड़ा मंदिर के पास स्थित विट्ठल धाम मंदिर पर संत शिरोमणी नामदेव महाराज की 755 वी जंयती समारोह मनाया गया. इस दौरान विधायक निर्मला सप्रे ने कहा संत नामदेव ने समानता और प्रेम का संदेश दिया. इस अवसर पर देवी लाल नामदेव, मनोहर नामदेव, मुरली नामदेव, मुन्ना नामदेव, प्रमोद नामदेव, दिनेश नामदेव, पहलाद नामदेव, श्रीपाल नामदेव, गोपी नामदेव, राधे श्याम नामदेव, धर्मेंद्र नामदेव, प्रेम आनंद नामदेव, सोनू नामदेव उपस्थित थे.



## क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए फाइनल मुकाबले

**सागर.** डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीन दिवसीय फाइनल मुकाबले चंदू सरवटे एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर संपन्न हुआ. 215 रनों के स्कोर को आगे बढ़ाते हुए टीकमगढ़ ने बल्लेबाजी को पुन: शुरू किया जिसके चलते टीम 80 ओवर में 279 रनों पर टीकमगढ़ की टीम ऑल आउट हो गई. जिसमें सर्वाधिक योगदान शहजादी पत्र ने 140 रनों का दिया. गेंदबाजी करते हुए सागर की ओर से विनीत रावत को 5 व संजोग सिंह एवं अविरल सिंह को 2 सफलताऐं मिली. बल्लेबाजी करने उतरी सागर की टीम ने दिन के अंत तक 52 ओवर्स में 159 रन 5 विकेट के नुकसान पर जोड़े.



## छात्राओं ने जय मप्र लिखकर मनाई मानव श्रृंखला

**राहतगढ़.** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय विद्यालयों और कार्यालयों में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया. मध्यप्रदेश गायन के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए. वही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने श्रृंखला बनाकर जय मध्यप्रदेश लिखा. प्राचार्य आरके कपूर ने स्थापना से लेकर वर्तमान तक का इतिहास बताया. साथ ही स्वदेशी अपनाने की शपथ छात्राओं एवं शिक्षकों को दिलाई.

# केसली में मुनि संघ की अगवानी

नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. केसली में 15 नवंबर से 21 नवंबर तक होने वाले पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव में दो मुनि संघो का सानिध्य प्राप्त हो रहा है. दोनों मुनि संघो का प्रवेश लोगों की उपस्थिति में हुआ.**

मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनिश्री महासागर महाराज ससंघ छिंदवाड़ा से 220 किमी का विहार कर 8 दिन में जबकि मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ससंघ खुरई से 115 किमी का पद विहार कर 1 नवंबर को सुबह 7.30 बजे केसली नगर में अगवानी के साथ प्रवेश हुआ. केसली में सैकड़ो स्थान पर रंगोली डाली गई और जगह-जगह पाद प्रक्षालन हुआ, आरती उतारी गई. समाज के लोग पंचकल्याणक को लेकर के बहुत उत्साहित है. 3 नवंबर को मुनि संघ के सानिध्य में गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन दोपहर 1.30 बजे से आदिनाथ धाम बड़े जैन मंदिर प्रांगण में होगा. गजरथ महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा है. 15 नवंबर से 21 नवंबर तक होने वाले पंचकल्याणक गजरथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.

# गढ़ौला जागीर में प्राचार्य व पीटीआई का विरोध

नवभारत न्यूज

**खुरई 1 नवम्बर. गढ़ोला जागीर स्थित संदीपनी स्कूल में शिक्षकों द्वारा शराब पार्टी करने का मामला सामने आने के बाद छात्रों ने खुलकर विरोध जताया है. छात्रों ने प्रिंसिपल और पीटीआई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**

छात्रों का आरोप है कि संबंधित शिक्षक प्रतिदिन शराब पीकर स्कूल आते हैं और नशे की हालत में छात्रों से अभद्र व्यवहार करते हैं. नाराजबच्चों ने स्कूल में विरोध प्रदर्शन कर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.



बच्चों ने कहा कि जब तक दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं की जाती, वे स्कूल का बहिष्कार जारी रखेंगे. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी स्कूल परिसर के बाहर एकत्रित हो गए और उन्होंने भी शिक्षा के मंदिर में इस तरह की गतिविधियों पर रोष जताया गया.

ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित कर उदाहरण प्रस्तुत किया जाए ताकि भविष्य में कोई शिक्षक शिक्षा को शर्मसार न कर सके.

## क्रिकेट ट्रायल कल

**सागर.** डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 22 मल्टी डे इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जिले की टीम का चयन 3 नवम्बर सोमवार को बम्होरी रेंगुआ स्थित चंदू सरवटे क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा. सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि वह खिलाड़ी जिनकी जन्म तिथि 01/09/2003 के बाद की है वह इस ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं. ट्रायल दोपहर 2 बजे से शुरू होगी इसके. पहले 11 बजे से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा. खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्ष की अंकसूची की मूलप्रति, आधार कार्ड लाना अनिवार्य है.

# पाप कर्म का फल लंबे समय तक भोगना पड़ता है

नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. हम अपने जीवन में रोज करने वाले कार्यों में जितना अधिक हिंसा से बचेंगे उतना ही अधिक पुण्य का संचय कर सकेंगे.**

यह बात मुनिश्री अनंत सागर महाराज ने अंकुर कॉलोनी में सिद्ध चक्र महामंडल विधान में प्रवचन के दौरान कही. मनोज जैन लालो ने बताया सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में 128 अर्ध समर्पित किए गए. विधान का संचालन बा. ब्र. अंकित भैया एवं पंडित उदयचंद्र शास्त्री के द्वारा किया जा रहा है. मुनिश्री ने कहा कि कर्म के बंध होने का समय भले ही कम हो, लेकिन जब वह फल देता है उसका समय बहुत अधिक होता है, इसलिए सोच समझकर कर्मों के प्रति सचेत होकर कार्य करना चाहिए उन्होंने मोबाइल का उदाहरण देते हुए कहा कि इसमें बैलेंस एक बार भरा जाता है और वह लंबे समय तक के लिए रिचार्ज हो जाता है इसी तरह हम पाप कर्म थोड़े ही समय करते हैं परंतु उसका फल हमें लंबे समय तक भोगना पड़ता है. मनुष्य जीवन भर इंद्रियों के विभिन्न विषयों की प्राप्ति के पीछे भागता रहता है.



## बीएमसी के डॉक्टर गर्ग का मैरिट में तीसरा स्थान

**सागर.** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा घोषित मेडिकल विशेषज्ञ के परिणाम में मकरोनिया के वार्ड क्रमांक 3 दीनदयाल नगर निवासी विश्वमोहित गर्ग ने मेरिट सूची में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. विश्वमोहित गर्ग पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय गर्ग के पुत्र है और वह वर्तमान में बीएमसी में कार्यरत है. उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया,है. उपलब्धि पर सभी ने उन्हें बधाई प्रेषित की है.



# शिव महापुराण कथा हुई संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. तिलकगंज वार्ड में लक्ष्मी महोत्सव समिति द्वारा विराजमान माता लक्ष्मी के समक्ष पंडित केशव महाराज के सानिध्य में शिव महापुराण कथा का समापन हुआ.**

इस अवसर पर विधायक इंजी.प्रदीप लारिया, नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, समिति संरक्षक भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केसरवानी, पार्षद राजा रिछारिया, पार्षद विवेक सक्सेना, पार्षद बाबूलाल रोहित, मंडल उपाध्यक्ष मनोहर साहू, अर्पित पाण्डेय ने केशव महाराज का शॉल श्रीफल भेंट कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया.



# एकता की दौड़,सुरक्षा का संकल्प

नवभारत न्यूज

**बांदरी 1 नवम्बर. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया. इसके बाद राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई.**

मैराथन को नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह दौड़ शासकीय सांदीपनी विद्यालय सीएम राइज से प्रारंभ होकर बंडा तिराहा होते हुए श्रीदेव दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में समाप्त हुई. इस दौड़ में टीआई सुमेर सिंह जगेत, पुलिस कर्मी व जनप्रतिनिधि, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा आम नागरिक शामिल हुए. देवदक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में टीआई श्री जगेत ने सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने की शपथ दिलाई. श्री जगेत ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश को एक सूत्र में पिरोया, वही भावना हमें सदैव प्रेरित करती रहेगी.

## डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, कनेक्शन काटे

**सागर.** नगर पालिक निगम अंतर्गत वार्ड-वार्ड में गलियों का निरीक्षण कर डेयरी संचालन करने, पेयजल की बर्वादी करने और स्वच्छता में बाधक बनने वालों पर निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री द्वारा कार्यवाही करायी जा रही है. लीलाधर यादव की डेयरी, हर्ष यादव की डेयरी और रामसेवक यादव की डेयरी इतवारी वार्ड सहित शहर के चिन्हित आठ डेयरी संचालकों के नल कनेक्शन काटने के निर्देश दिये हैं, जिन डेयरी संचालकों के पास हफसिली में प्लॉट उपलब्ध नहीं हो पाएं हैं वे निगम प्रशासन से सम्पर्क करें उन्हें उनकी डेयरी क्षमता अनुरूप प्लॉट उपलब्ध कराया जायेगा. हफसिली का उक्त डेयरी परियोजना स्थल प्रकृतिक वातावरण से परिपूर्ण है.

# जिसकी सोच विशाल उसका भविष्य बेमिसाल

नवभारत न्यूज

**रहली 1 नवम्बर. उत्कृष्ट विचारों का फल क्या होता है, यह ज्ञानी पुरुष ही समझ सकता है. इतना कहना भी काफी है की जिसका सोच विशाल उसका भविष्य बेमिसाल होता है.**

जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवानों में सभी के उत्कृष्ट विचारों और विशाल सोच का परिणाम ही उन्हें तीर्थंकर बना सका. समस्त मोक्ष गामी तीर्थंकरों ने वर्ष में तीन बार आने वाले महापर्व अष्ठानिका पर सिद्धचक्र महामंडल की पूजा अर्चना की है, उसमें अपने उत्कृष्ट भावों का मन और धन का समर्पण किया है तब जाकर मोक्ष प्रकृति का बंद करते हुए निकट भावों में मोक्ष को प्राप्त किया है. उक्त उद्गार पटनागंज में सिद्धचक्र महामंडल विधान में ऐलक उद्यम सागर महाराज ने कहे.



ऐलक श्री ने बताया कि तीर्थंकर चंद्रप्रभु भगवान लगातार सातों जन्म अपार वैभव के धनी थे उनका पृथ्वी पर एक छात्र राज्य था छठे भाव में वह सम्राट भी बने किंतु धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा उन्होंने पूर्ण आस्था और विश्वास के साथ तीनों शाखाओं के महापर्व पर सिद्ध चक्र महामंडल का विधान किया जिसमें अपना सर्वस्व अर्पण किया उनके राज्य में कभी भी प्रजा के साथ अन्याय नहीं हुआ इसलिए वह धर्म निष्ठ राजा भी थे किंतु उन्हें ऐसा सुखद जीवन कैसे मिला. ऐलक श्री ने बताया कि एक परम प्रतापी धर्मिष्ठ राजा जिसके राज्य की प्रजा पूर्णता सुखी थी यह देखकर राजा बहुत प्रसन्न रहता था पर अंत :करण में उसे एक दुख था कि उसके कोई संतान नहीं है. उनके इस दुख को उनके पुरोहित ने चेहरे से पढ़ लिया और एकांत पाकर एक दिन राजा से कहा आपके चेहरे पर दिखाई देने वाली प्रसन्नता अंत : को दुख को छिपाने मे असमर्थ हैं बताईये क्या बात है विचार कर राजा ने सत्य स्थिति को वर्णन करते हुए कहा पुरोहित जी सारा वैभव किस काम का जिसके पास सुयोग्य कुलवंत पुत्र ना हो उत्तराधिकारी ना होने का दुख सब सुखों से बड़ा है.

# दो दिवसीय युवा उत्सव का हुआ समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में युवा उत्सव के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ.**

प्रतियोगिता में एकल वादन नॉन परकुशन एकल नृत्य शास्त्रीय एवं समूह लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई. जिसमें निर्णायक के रूप में डॉ. विभूति मलिक, राहुल हर्षे, केशव प्रजापति आरोही श्रीवास्तव, डॉ. राहुल स्वर्णकार, पूजा तिवारी, प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर तिवारी उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस.एल.साहू ने कहा कि आप सभी युवा उत्सव के कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करें. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने विजेता छात्राओं को शुभकामनाऐं दी. युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने अभार व्यक्त किया. समापन सत्र में राहतगढ़ से आये विशुद्ध बुंदेली कलाकारों का सम्मान किया गया.




जिला स्तरीय युवा उत्सव की 22 विधाओं में से शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित 09 विधाओं में अंशिता श्रीवास्तव, पलक अग्रवाल, अंशिता श्रीवास्तव, जोया खान, वैष्णवी शुक्ला, अंजली लोधी, नदंनी केशरवानी, रूचि अहिरवार प्रथम स्थान पर रहीं.

# खाटू श्याम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

नवभारत न्यूज

**सागर 1 नवम्बर. बांदरी के अर्धनारीश्वर धाम में आज भगवान खाटू श्याम जी महाराज की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू हुआ, जिसमें सबसे पहले खाटू श्याम जी का सहस्त्र जलधारा से अभिषेक किया गया.**

इसके बाद उनका श्रृंगार कर नगर भ्रमण कराया गया. रविवार 2 नवम्बर को धाम में बने 11 फीट लंबे 11 फीट ऊंचे और 11 फीट चौड़े खाटू श्याम मंदिर में इस प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी. अर्धनारीश्वर धाम का संचालन जितेंद्र महाराज द्वारा किया जाता है. जिन्होंने यहां पौने 3 फीट ऊंचे भगवान शंकर की अनोखी प्रतिमा की स्थापना की है, जो जल, थल और अग्नि तीनों कोणों में विराजमान है. उन्होंने बताया कि धाम में एक गौशाला की स्थापना हो चुकी है अब यहां भारतीय संस्कृति संस्कार और शिक्षा को बढ़ाने एक गुरुकुल, आयुर्वेदिक अस्पताल और अनाथ आश्रम की स्थापना की जाएगी. यहां पर 101 फीट ऊंची भगवान अर्धनारीश्वर की प्रतिमा भी लगेगी.



## पेयजल सप्लाई प्रभावित

**सागर.** राजघाट जल शोधन संयंत्र पर ट्रांसफार्मर बदलने, बीपी टैंक की बाल्व मरम्मत एवं अन्य मेंटेनेंस कार्यों के कारण पेयजल की सप्लाई नहीं की जा सकेगी. जिस कारण 3 नवंबर को होने वाली पूरे दिन की सप्लाई 4 नवंबर को और 4 नवंबर की सप्लाई 5 नवंबर को होगी. वहीं परकोटा चौराहे पर पाइपलाइन इंटरकनेक्शन कार्य किया जा रहा है जिस कारण 1, 2 एवं 3 नवंबर की रात्रि में 11 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक नाव मंदिर से लेकर तीनबत्ती तक का मार्ग बंद रहेगा. सुबह मार्ग फिर से चालू कर दिया जावेगा. रेन बसेरा चौराहे से लेकर एचडीएफसी बैंक परकोटा तक पुरानी लाइन बंद हो गई है.